8 korba-pg1_Layout 1 5/9/2025 12:14 AM Page 1


तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 9 मई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा


4 जिले में सीए छात्रों के लिए राज्य का पहला रीडिंग रूम शुरू




## खबर संक्षेप

### प्रयास विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु दावा आपत्ति 15 तक

**कोरबा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिये प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 20 अप्रेल को आयोजित किया गया था। प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9 वीं में प्राक्चयन का मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित किये गये हैं। इस संबंध में दावा आपत्ति 15 मई तक आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि जिले के आवेदकों को कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा में कक्ष क्रमांक 12 में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति के पक्ष में दस्तावेज (प्रमाण) सहित जमा करना होगा। बिना प्रमाण के दावा आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जायेगा। डाक द्वारा दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्राप्त दावा आपत्ति के परीक्षण पश्चात विशेषज्ञों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जायेगा। दावा अपत्ति के संबंध में विषय विशेषज्ञों का निर्णय ही अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात किया गया दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

### सुशासन तिहार अंतर्गत पिपरिया में समाधान शिविर आज

**कोरबा।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण अन्तर्गत जिले के विकासखंडों के क्लस्टर ग्रामों में समाधान शिविर आयोजन कर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में 9 मई को विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम पिपरिया कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत पिपरिया, सिर्री, पोंड़ीकला, कुम्हारीदर्री, कोडगार, अमझर प, दुल्लापुर, जल्के और पनगंवा हेतु शासकीय हाई स्कूल पिपरिया में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

### आहत परिवार ने दी सामूहिक आत्महत्या की चेतावनी

**हरदीबाजार।** एसईसीएल की दीपका विस्तार परियोजना प्रभावित ग्राम मलगांव में स्थित पूर्वजों के मकान, घर के देवस्थल एवं अन्य निजी सम्पत्तियों को जेसीबी से ध्वस्त कर व आर्थिक नुकसान पहुंचाने के संबंध में एफआईआर दर्ज कर उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग एक भूविस्थापित संदीप कंवर ने की है। कलेक्टर व अधिकारियों को दिये गये आवेदन में संदीप कुमार कंवर पिता नरेन्द्र सिंह कंवर ग्राम मलगांव ने कहा है कि मेरा एवं मेरे पूरे परिवार का संयुक्त मकान स्थित था जिसे 30 अप्रैल को तहसीलदार दीपका अमित केरकेट्टा एवं एसईसीएल दीपका के अधिकारी रोशन मेश्राम व केसीसी कंपनी के मुंशी विकास दुबे एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा बिना नोटिस एवं बिना सूचना के दुकान, शेड एवं आवासीय घर जिसमें 8 नग शटर, 4 नग दरवाजा स्थित था जिसे बिना मुआवजा के जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया है जो कि एक गंभीर अपराधिक श्रेणी में आता है। पूरे परिवार को आर्थिक क्षति हुई है तथा घर के देव स्थल को तोड़ने से परिवार / आदिवासियों के पूर्वजों से चली आ रही धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाया गया है तथा मानसिक रूप से परिवार परेशान है जिससे कभी भी अप्रिय घटना घट सकता है जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी एसईसीएल दीपका प्रबंधन एवं राज्य शासन के साथ एसईसीएल दीपका के अधिकारी रोशन मेश्राम व केसीसी कंपनी के मुंशी विकास दुबे की होगी। कलेक्टर,एसडीएम, थाना प्रभारी से निवेदन किया गया है कि उक्त अधिकारियों के ऊपर उचित कानूनी कार्यवाही करें अन्यथा परिवार के द्वारा सामुहिक आत्महत्या करने हेतु बाध्य होंगे जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी एसईसीएल दीपका एवं राज्य शासन की होगी।

# प्लांट के फरनेश में जलाया गया गांजा, रोलर चलाकर नष्ट की गई नशीली दवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा विभिन्न प्रकरणों में जप्त किए गए 13 किलो गांजा की खेप को बालको पॉवर प्लांट के फरनेश में विधिवत जलाकर नष्ट किया गया तो विभिन्न प्रकरणों में जप्त किए गए 1032 नग कैप्शूल तो 692 नग टेबलेट में रोड रोलर चढ़ाकर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

अलग खबर

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त किए गए मादक पदार्थों का विधिवत नष्टीकरण किया गया। उक्त कार्यवाही जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति की निगरानी में गुरुवार को बालको पावर प्लांट के भट्ठी में जलाकर एवं रोलर से दबाकर संपन्न की गयी। नष्टीकरण के दौरान 9 थाना क्षेत्रों से जब्त कुल 13.424 किलोग्राम गांजा को बालको पॉवर प्लांट के फरनेश में डालकर नष्ट किया गया जबकि 692 नग टेबलेट, 1032 नग कैप्सूल एवं 75 नग गांजा पौधों सहित अन्य मादक सामग्री को रोड रोलर के माध्यम से नष्ट किया गया। नष्टीकरण कार्यवाही में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर, जिला आबकारी अधिकारी आशा सिंह एवं क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी कोरबा की उपस्थिति में यह कार्यवाही पूर्ण की गई। इससे पहले भी जिले में इस तरह की कई बड़ी कार्यवाही की जा चुकी है, जहां गांजे की खेप को बड़े पैमाने पर नष्टीकरण की कार्यवाही की जा चुकी है।

**13 किलो गांजा की खेप व 1032 नग कैप्शूल तो 692 नग टेबलेट किया गया नष्ट**

**खास बातें**

- जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति ने कराया नष्टीकरण
- बालको संयंत्र में की गई कार्यवाई





## कोल इंडिया के एसईसीएल, ईसीएल व सीसीएल कंपनियों के साथ हुआ अनुबंध

# खदानों में कोयले की गुणवत्ता जांचने 10 टीपीए को किया सूचीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला खदानों से विद्युत संयंत्र को अनुबंध के मुताबिक गुणवत्तायुक्त कोयले की आपूर्ति नहीं किए जाने के मामले को गंभीरता से लिया है।

**खास बात**

- खरीदने व बेचने वाले कंपनियों के बीच अक्सर गुणवत्ता को लेकर होता है विवाद

यही वजह है कि कोल इंडिया ने कोयला गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए तीन कंपनियों के साथ अनुबंध किया है। यह अनुबंध साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड लिमिटेड, इस्टर्न कोलफिल्ड लिमिटेड और सेंट्रल कोलफिल्ड लिमिटेड द्वारा कोयला उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार के लिए किया गया है। इस समझौते का उद्देश्य कोयले की गुणवत्ते में सुधार करना और कोयला आपूर्ति के लिए एक अधिक विश्वसनीय और कुशल प्रणाली बनाना है।

उल्लेखनीय है कि कोयले की गुणवत्ता को लेकर लंबित विवादों के निष्पादन में तेजी आयेगी। इसके लिए कोयला मंत्रालय ने 10 थर्ड पार्टी एजेंसियों यानी टीपीए को सूचीबद्ध किया है, जो कोल इंडिया और उसकी अनुषंगी कोल कंपनियों में कोयले की गुणवत्ता की जांच करेंगी। सभी सूचीबद्ध एजेंसियां अगले दो साल तक कोयले की गुणवत्ता की जांच करेंगी। बता दें कि कोयला खरीदने व बेचने वाली कंपनियों के बीच गुणवत्ता को लेकर अक्सर विवाद होते रहा है, वर्तमान में कई मामले लंबित हैं। टीसीआरक्यू क्वालिटी कंट्रोल्स एलएलपी, क्वालिटी सर्विसेज एंड सॉल्यूशन प्रालि, जियोचेम लेबोरेट्री प्राइवेट लिमिटेड, जियो कोल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, रवि एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, मिनिरल्स लैब सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, क्वालिटेक लैब लिमिटेड, डॉ.अमीन कंट्रोलर्स प्रालि, मित्रा एसके प्रालि व सुपरिटेंडेंस कंपनी ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेट शामिल है। इस समझौते का प्राथमिक उद्देश्य कोयला गुणवत्ता में सुधार करना है, इससे कोयला उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए अधिक विश्वसनीय और कुशल आपूर्ति प्रणाली का निर्माण होगा। इस समझौते में कोल इंडिया की 3 सहायक कंपनियां शामिल है, जिनमें ईसीएल, एसईसीएल, सीसीएल हैं। इस समझौते के तहत कंपनियां कोयला गुणवत्ता परीक्षण, भंडारण और परिवहन जैसे विभिन्न पहलुओं पर सहयोग करेगी, इससे कोयले की गुणवत्ता में सुधार होगा और आपूर्ति श्रृंखला में दक्षता बढ़ेगी। वहीं दूसरी कोयला मंत्रालय ने कोयला आयात को कम करने और घरेलू कोयला उत्पादन को बढ़ाने के लिए सुधारों पर भी ध्यान केन्द्रीत किया है। यहां बताना होगा कि एसईसीएल ने टीएमसी मिनरल रिर्सोसेस के साथ खनन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं, जिससे गेवरा परियोजना में भी कोयला उत्पादन क्षमता बढ़ने की उम्मीद है।



फाइल फोटो

**एनएबीएल मान्यता प्राप्त लैब में होगी कोयले की जांच**

सूचीबद्ध एजेंसियां कोयले का सैंपल संग्रहण, एनालिसिस, डॉक्यूमेंटेशन व गुणवत्ता का आकलन करेंगी। एजेंसियों को लोडिंग प्वाइंट से सैंपल लेना होगा। एनएबीएल मान्यता प्राप्त लैब में गुणवत्ता की जांच करा कर एजेंसियां रिपोर्ट तैयार करेंगी। बता दें कि एनएबीएल (राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड) लैब वह मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला है, जिसे एनएबीएल द्वारा मान्यता प्राप्त है, जो केन्द्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है।

## युवती की संदिग्ध मौत जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 20 वर्षीय युवती की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र का अंतर्गत जुनवानी भैसमा निवासी अनीता 20 वर्ष पिता स्वर्गीय लालाराम नगेसिया ने 3 मई को अपने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां उसकी तबियत में सुधार होने पर चिकित्सकों ने उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी थी। इस बीच गुरुवार की सुबह अनिता की अचानक तबियत बिगड़ी और वह गश खाकर गिर पड़ी जब परिजनों को पता चला तो परिजन फिर आनन फानन में उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। अनिता की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## मानिकपुर पोखरी में मिली अधेड़ व्यक्ति की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 2 के सामने स्थित पोखरी में एक अज्ञात व्यक्ति की शव मिला। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मानिकपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचते ही शव को बाहर निकाला और पहचान के प्रयास शुरू किए लेकिन अब तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ-साथ घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, जिससे मृतक की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाया जा सके।

## प्रशासनिक कसावट के लिए कर्मचारियों का किया गया शाखा परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के लिपिकीय वर्ग के कर्मचारियों की शाखाओं में परिवर्तन किया है। यह निर्णय कार्यालयीन कार्यों में कसावट लाने, दक्षता बढ़ाने तथा कर्मचारियों के अनुभव का बेहतर उपयोग करने के दृष्टिकोण से लिया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि विभिन्न शाखाओं में पदस्थापना में बदलाव से कार्य का बंटवारा अधिक संतुलित होगा, जिससे प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन में गति और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी। शाखा परिवर्तन की यह प्रक्रिया निर्धारित सेवा मानकों, वरिष्ठता एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं के आधार पर की गई है। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया है कि कर्मचारियों को उनके अनुभव एवं दक्षता के अनुरूप जिम्मेदारियां सौंपी जाएं। कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि कार्यालयीन प्रणाली को अधिक सुचारू बनाने हेतु यह आंतरिक पुनर्गठन एक नियमित प्रक्रिया है। इससे कार्य प्रणाली में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व दोनों ही सुनिश्चित होंगे।



फाइल फोटो

## तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला सहित दो लोगों पर जंगली सुअर ने किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनांचल क्षेत्र में इन दिनों तेंदूपत्ता संग्रहण का काम जोरों पर है।

**खास बात**

- कोरबा वन मंडल के करतला वन परिक्षेत्रके चोरभट्टी व चारमार की घटना

अलसुबह जंगल में बड़े पैमाने पर आदिवासी परिवार तेंदूपत्ता संग्रहण करने के लिए पहुंच रहे हैं लेकिन वहीं जंगल पहुंचने पर वन्य प्राणी भी आक्रामक होने लगे हैं और ग्रामीणों पर हमला करने सिलसिला भी शुरू हो चुका है। जंगली सुअर ने एक दिन के भीतर दो अलग-अलग स्थान में एक महिला सहित कुल दो लोगों को अपना निशाना बनाया है। जहां दोनों लोगों को उपचार के स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वहीं इस घटना के ⏭ शेष पेज 3 पर


घायल महिला को मुआवजे की राशि प्रदान करता वनकर्मी।

**गुरमा पहुंचे हाथी**

जिले के जंगलों में तेंदूपत्ता संग्रहण का काम युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है और जंगल में हाथी भी लगातार विचरण कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को जान का खतरा बना हुआ है। ऐसे में वन विभाग काफी सतर्कता बरत रहा है और हाथियों की मौजूदगी वाले जंगल में ग्रामीणों को तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए न जाने की अपील की जा रही है। कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज के गुरमा परिसर के जंगल में बुधवार की रात बड़ी संख्या में हाथी पहुंचे गए। जिसकी जानकारी वन विभाग को लगने पर अधिकारी व कर्मचारी गुरुवार की तडक़े क्षेत्र में पहुंचे और मुनादी कराकर ग्रामीणों को जंगल जाने से रोका गया और ग्रामीणों से कहा गया कि क्षेत्र के जंगल में 39 की संख्या में हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है। हाथियों के क्षेत्र में रहते तक दूरी बनाए रखें।

## शहर के मुख्य मार्गों पर लगातार की जा रही है कार्रवाई

# सड़क पर खड़े बेतरतीब वाहनों को क्रेन से उठा रही यातायात पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की सड़कों पर शाम होते ही लोगों की भारी भीड़ होती है। ज्यादातर लोग गर्मी के दिनों में ही शाम को बाहर निकलते हैं ताकि शाम को मार्केट में पहुंचकर अपने जरूरत के हिसाब से सामानों की खरीदी कर सकें लेकिन शाम के समय ही शहर के मार्ग में लोग बेतरतीब वाहनों को पार्किंग कर देते हैं जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था बाधित होती है। ऐसे वाहन चालकों को सबक सिखाने के लिए यातायात पुलिस सड़कों पर क्रेन लेकर लगातार पेट्रोलिंग कर रही है और सड़क पर पार्किंग करने वाले बाइक चालक, चार पहिया वाहन चालकों के खिलाफ लॉक करने की कार्रवाई कर रही है।


वाहनों को जब्त करती यातायात पुलिस।

उल्लेखनीय की शहर के सीएसईबी चौक से पॉवर हाउस रोड तक शहर का मुख्य बाजार है। इन दिनों तापमान 40 डिग्री के पार जा पहुंचा है। ऐसे में दोपहर को शहर के बाजारों में लगभग सन्नाटा पसर जाता है। शाम के समय ही शहरवासी अपने सामानों की खरीदारी करने के लिए बाजार निकलते हैं। इस दौरान बाजार में भारी भीड़ भी उमड़ रही है लेकिन बाइक व चार पहिया वाहन चालक यातायात पुलिस के नियमों की अनदेखी कर रहे हैं और सड़कों पर ही अपनी वाहनों को पार्किंग कर बेतरतीब खड़ी कर देते हैं और घंटों दुकानों में घुसकर अपनी जरूरत के हिसाब से सामान लेते हैं। जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात प्रभारी रविंद्र सिंह मीणा, एएसआई मनोज राठौर उनकी टीम लगातार शाम होते ही शहर की सड़कों पर क्रेन व अपने पेट्रोलिंग वाहनों के माध्यम से लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं और क्रेन वाहन के माध्यम से सड़कों पर बेतरतीब वाहनों को पार्किंग करने वाले बाइक को उठाने की कार्रवाई की जा रही है ताकि बेतरतीब वाहन खड़ी करने वाले बाइक चालकों पर सख्ती से कार्यवाही कर उन्हें सबक सिखाया जा सके। एएसआई मनोज राठौर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों के दौरान यातायात पुलिस ने शहर में ही बेतरतीब वाहन पार्किंग करने वाले लगभग 200 से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ नो पार्किंग के तहत कार्रवाई की गई है और यह अभियान निरंतर जारी है और लोगों को माइक के माध्यम से अलाउंस कर लोगों को सतर्क भी किया जा रहा है और नो पार्किंग जोन में वाहनों को न खड़ा करने की हिदायत भी दी जा रही है।

### तेज हवा से राहगीरों पर गिर सकती है पेड़ की भारी शाखा



**कोरबा।** कोरबा-कुसमुंडा मार्ग पर बीते सप्ताह चली तेज आंधी तूफान की वजह से 6 नंबर कोल बेरियर पर डंफर पुल के नीचे गिरी पेड़ की बड़ी शाखा बिजली और केबल के तारो में फंस का अटक गई। अब इस भारी भरकम पेड़ की शाखा केवल एक तार पर टिकी हुई है जो कभी दुबारा तेज आंधी तूफान से राहगीरों पर गिर सकती हैं। जिस तरह से यह शाखा तार के सहारे खड़ी है अगर किसी छोटे वाहन पर गिरती है तो बड़ी अनहोनी से इंकार नही किया जा सकता।

## खबर संक्षेप

### रेडक्रॉस के पूर्व अध्यक्ष ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**बिलासपुर।** युद्ध के समय सेना को चिकित्सा एवं चिकित्सा सामग्री पहुंचाने रेड क्रॉस सोसायटी के पूर्व पंकज सिंह ने अपातकालीन बैठक आयोजित करने कलेक्टर को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि हमारी सेना देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहती है। हमें उनकी सहायता करने हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि सेना को चिकित्सा एवं चिकित्सा सामग्री प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने जिलाधीश को बैठक आयोजित कर सेना को सहायता पहुंचाने के तरीकों पर चर्चा करने का अनुरोध किया है।

### युवक पर कैंची से हमला सेलून संचालक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** आपसी रंजिश में युवक के सिर पर कैंची से जानलेवा हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर सेलून संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। पचपेड़ी पुलिस के अनुसार, पचपेड़ी निवासी सूरज लहरे पिता शीशपाल 25 साल 7 मई को शाम 6 बजे गांव के पवन कुमार श्रीवास के सेलून के पास खड़े थे। इसी दौरान सूरज लहरे उसके दुकान के पीछे बाथरूम करने चला गया। पवन ने उसे दुकान के पास बाथरूम करने से मना किया, जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पवन ने दुकन से कैंची लाकर सूरज लहरे के सिर पर हमला कर दिया। जिससे वह खून से लथपथ होकर गिर गया। सूचना पर परिजन मौके पर जाकर उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। पुलिस ने सूरज लहरे की रिपोर्ट पर हमलावर सेलून संचालक पवन श्रीवास को गिरफ्तार कर लिया है।

### विवाद होने पर पत्नी के गले में चाकू से हमला

**बिलासपुर।** बिरयानी सेंटर बंद कर घर लौटते समय रास्ते में विवाद होने पर पति ने पत्नी के गले पर चाकू से हमला कर दिया। घायल पत्नी को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है। पुलिस ने हमलावर पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक विकास सेंगर ने बताया, अयोध्यानगर निवासी गीता बघेल पति संतोष बघेल 32 साल उसलापुर में बिरयानी सेंटर चलाते हैं। 7 मई की रात बिरयानी सेंटर बंद कर दोनों पति पत्नी गाड़ी से घर लौट रहे थे। रात 12.30 बजे रिंग रोड टू रायल बेकरी के पास पति पत्नी के बीच व्यक्तिगत बातों को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आक्रोश में आकर संतोष बघेल ने सब्जी काटने के चाकू से पत्नी के गले में हमला कर दिया, जिससे वह खून से लथपथ होकर गिर गई। घटना के बाद संतोष बघेल घायल पत्नी गीता को इलाज के लिए नेहरू नगर स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है। पुलिस ने घायल महिला से पूछताछ करने के बाद उनकी रिपोर्ट पर हमलावर पति संतोष बघेल के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 11 साल के बच्चे ने फांसी लगाई, अस्पताल में भर्ती

**बिलासपुर।** खमतराई क्षेत्र के रहने वाले 11 वर्षीय बालक ने परिजनों के द्वारा फोन नहीं देने की बात से नाराज होकर फांसी लगाने की कोशिश की है। जिससे गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती किया गया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। सिम्स चौकी के अनुसार सरकंडा थाना क्षेत्र के खमतराई निवासी शौरी कश्यप पिता शरण कश्यप उम्र 11 वर्ष ने घर में हुई बातचीत के बाद फांसी लगा ली थी। परिजनों ने उसे बेहोशी की हालत में सिम्स में भर्ती कराया।

24 घंटे बिजली सप्लाई देने का सरकारी सपना नहीं हो पा रहा साकार

लाइन में फाल्ट होने पर मेंटनेंस कार्य पूरा होने में लगता है घंटों का समय

# कर्मचारी की कमी, इसलिए ठेकेदार के भरोसे बिजली विभाग, बंद से लोग त्रस्त

**बिलासपुर।** बिजली कंपनी जिले में मैनपावर की समस्या से जूझ रही है। रिटायरमेंट के बाद खाली पदों को नहीं भरे जाने से सिटी सर्किल में लाइनमेन, सहायक लाइनमेन, हेल्पर की कमी बनी हुई है। विभाग मेंटनेंस और मरम्मत के लिए ठेकेदार के कर्मचारियों के भरोसे ही है। वहीं ठेकेदारों के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है। यही कारण है कि चौबीस घंटे विद्युत सप्लाई देने का सरकारी सपना साकार नहीं हो पा रहा है। एक बार लाइन टूटती है या फाल्ट होता है तो मेंटनेंस का कार्य पूरा होने में घंटों का समय लग जाता है।

बिजली व्यवस्था ठेकेदारों के भरोसे है, विभाग में कर्मचारियों की कमी का बहना बना बिजली विभाग आउटसोर्सिंग से काम चला रहा है, लेकिन फ्यूज कॉल, मरम्मत और कॉल सेंटर का ठेका एक ही ठेकेदार को सौंप दिया गया है। नेहरू नगर डिवीजन के अंतर्गत नेहरू नगर, गोल बाजार, सरकंडा जोन में एक ही ठेकेदार को फ्यूज कॉल, मरम्मत और कॉल सेंटर का जिम्मा दिया गया है। ऐसे में ठेकेदार द्वारा काम नहीं करने के चलते क्षेत्र के उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है, हालत यह है कि अधिकारी इस ठेकेदार को बचाने में लगे हैं। बिजली अधिकारियों को छोड़ दिया जाए तो कर्मचारियों का पूरा काम बिजली विभाग में आउटसोर्सिंग पर ही चल रहा है। कार्य की गुणवत्ता और जिम्मेदारी लगातार घटती जा रही है।


नेहरू नगर सब स्टेशन में फ्यूज कॉल सेंटर से कर्मचारी गायब।

### सालों पुराने सेटअप, अब दायरा बढ़ा

बिजली विभाग 10 साल पुराने सेटअप पर काम चला रहा है, इसमें भी कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। शहरी क्षेत्र का इतना विस्तार हो गया है कि मैन पावर न के बराबर मालूम पड़ता है। बात सिर्फ शहरी क्षेत्र की करते हैं। यहां 25000 कनेक्शन हैं। सहायक अभियंता से लेकर कुशल श्रमिक के 90 पद स्वीकृत हैं। रिटायरमेंट तो हर साल हो रहे हैं लेकिन खाली होने वाले पदों को भरा नहीं जा रहा है। शासन ने तंगहाली के चलते भर्ती पर पूर्ण रूप से रोक लगा रखी है। वर्तमान में 105 सिर्फ कर्मचारी ही पदस्थ हैं इन्हीं में सहायक और जूनियर अभियंता 33 हैं। फील्ड में काम करने वाले अमले की कमी है। हालत यह है कि लाइन जोड़ने और फाल्ट ठीक करने के काम में भी घंटों का समय लग जाता है।

### आउटसोर्सिंग पर चल रहे कर्मचारी

कार्यालय में क्लर्क से लेकर सबस्टेशन में मशीन ऑपरेट कराने का काम भी आउटसोर्सिंग से कराया जा रहा है। ठेकेदार के कई कर्मचारी ट्रेंड न होने के कारण समस्या खड़ी रही हो रही है। बिलासपुर मैन पावर की कमी के चलते समस्या बनी रहती है। ठेकेदार द्वारा फ्यूज कॉल में 4 कर्मचारियों का गैंग रखा जाना है लेकिन इसमें भी कोताही बरती जा रही है।

### अधिकारियों से चर्चा की जाएगी

एक ही ठेकेदार को काम देने का मामला मेरी जानकारी में नहीं है। अधिकारियों से चर्चा की जाएगी लेकिन ठेकेदार के काम की मॉनिटरिंग की जा सकती है। जिससे उसके काम में हो रही लापरवाही पकड़ी जाए। अधिकारियों को इसके लिए निर्देशित किया जाएगा।

**-एके अम्बस्ट**, कार्यपालक निर्देशक, बिजली विभाग

### संविदा कर्मियों को किया जाए नियमित

विभाग सभी कामों को ठेकेदारों द्वारा करवाता है, कर्मचारियों की भर्ती तक नहीं की जा रही है, हमारी मांग है कि संविदा कर्मचारियों को तत्काल नियमित किया जाए और ठेकेदारी प्रथा बंद हो। ठेकेदार काम नहीं कर रहा है और अधिकारी उन्हें शह दे रहे हैं। जिसके चलते विभाग की व्यवस्था खराब है।

**-संतोष शर्मा**
अध्यक्ष, कर्मचारी संघ

हाईकोर्ट में निगम ने की कार्ययोजना पेश, दावा कि गंदा पानी नदी में नहीं जाएगा

# अरपा में गंदा पानी रोकने 103 करोड़ की योजना, सूडा करेगा प्रोजेक्ट का परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के रिहायशी क्षेत्रों से 70 नाले, नालियों का गंदा पानी अरपा नदी में पहुंचता है। निगम इसकी सफाई के लिए अरपा में 4 एसटीपी बना रहा है। निगम का दावा है कि मार्च 2026 तक चारों एसटीपी पूरे हो जाएंगे। इसमें 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी के निर्माण का कार्य अंतिम चरणों में है। अब इसके साथ ही निगम ने तीन और एसटीपी बनाने का फैसला लिया है। इसमें चिंगराजपारा में 40 एमएलडी का, तिलकनगर में 4 एमएलडी का और शनिचरी में 8 एमएलडी का एसटीपी बनाया जाएगा। इसके लिए 103 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अनुमति मिलने के बाद टेंडर और वर्क आर्डर किया जाएगा।

- चिंगराजपारा, तिलकनगर और शनिचरी में बनेंगे तीन और एसटीपी

हाईकोर्ट में निगम की ओर से यह जानकारी दी गई है। इस पर राज्य शहरी विकास प्राधिकरण (सूडा) की ओर से कोर्ट में कहा गया कि निगम के इस प्रस्ताव का परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए 6 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। यह टीम बिलासपुर पहुंचकर पूरे प्रोजेक्ट की जांच करेगी। इसके बाद ही राशि का आबंटन किया जाएगा। ध्यान रहे कि इस पूरे प्रोजेक्ट का डीपीआर पुणे की कंपनी ब्लू स्ट्रीम इंफ्रा जेवलपमेंट कंस्लटेंट ने बनााया है। देखा जाए तो हाईकोर्ट ने पहल न की होती तो अरपा को प्रदूषण से मुक्त कराने, नदी में 12 महीने जल का प्रवाह बनाए रखने के लिए बैराज, एनीकट के निर्माण और उद्गम स्थल की भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू नहीं होती। इसमें तेजी तो आई है लेकिन अभी भी इसके लिए जमीनी कार्यवाही तेज करनी होगी। फिलहाल तो करीब 4 करोड़ लीटर गंदा पानी रोज नदी में बह रहा है। शहर के नाले, नाली, सीवरेज प्रोजक्ट, कचरा, मलबा सब अरपा नदी में गिर रहे हैं।



### इस तरह फैल रही गंदगी

- नगर निगम जवाली नाले सहित 70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बहा रहा है
- सीवरेज प्रोजेक्ट का गंदा पानी दोमुंहानी और चिल्हाटी स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से नदी में प्रवाहित हो रहा
- कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है
- निगम का नल जल विभाग प्रतिदिन 40 एमएलडी पानी शहरवासियों को सप्लाई करता है, इसका 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है

### अरपा की यह योजनाएं अधूरी

- अरपा के शिवघाट और पचरीघाट में पानी रोकने के लिए बैराज निर्माण का कार्य अपूर्ण
- बिलासपुर में शहर में नदी में पहुंचने वाले 70 नाले, नालियों के गंदे पानी के ट्रीटमेंट का लक्ष्य अधूरा

### चिल्हाटी और दोमुंहानी में भी सफाई नहीं

चिल्हाटी और दोमुंहानी स्थित दो एसटीपी से भी शत प्रतिशत गंदे पानी का उपचार नहीं हो पा रहा है। इसकी क्षमता 71 एमएलडी की है। इससे अरपा में नगर निगम एरिया में पहुंचने वाले करीब 70-80 फीसदी गंदे पानी की सफाई की जा सकेगी। हालांकि फिलहाल इनके चिल्हाटी स्थित 17 एमएलडी क्षमता के एसटीपी के जरिए 15.50 एमएलडी और 54 एमएलडी क्षमता वाले दोमुंहानी के प्लांट से मात्र 24 एमएलडी जल मल की सफाई की जा रही है। जाहिर है कि नालों के जरिए हर दिन नदी में पहुंचने वाला करोड़ों लीटर गंदा पानी अरपा को निरंतर प्रदूषित कर रहा है।

### 17 साल बाद भी सीवरेज अधूरा

यहां यह भी ध्यान रहे कि जल-मल की निकासी रोकने के लिए साल 2007-2008 में शुरू हुई सीवरेज परियोजना अपने लक्ष्य से अब तक कोसों दूर है। योजना के अंतर्गत 40 हजार घरों के जल-मल की सफाई होनी थी, पर अब तक निगम एरिया के करीब 20 फीसदी ही घरों को इससे जोड़ा जा सका है। निगम की ही मानें तो 17 साल बाद भी केवल 7693 हाउस कनेक्शन दिए जा सके हैं।

### रुके पानी का शुद्धिकरण बहुत जरूरी

अधिकारियों के मुताबिक प्रथम चरण में शिवघाट बैराज से पचरी घाट बैराज के बीच प्रवाहित नालों के दूषित जल की रोकथाम होगी। इसमें एनजीटी के नियमों के पालन का दावा भी किया जा रहा है। इसके माध्यम से गंदे पानी को साफ किया जाएगा। इन एसटीपी की क्षमता कितनी होगी और यह कितना पानी साफ कर पाएंगे इस पर सवाल है। दूसरी ओर शहरवासियों की आशंका इस बात कि है कि यदि नदी में जा रहे गंदे पानी को साफ करने की व्यवस्था समय पर नहीं हो सकी तो अरपा का पानी एक तरह से जहर हो जाएगा। दरअसल दोनों बैराज बनने के बाद अरपा में बारहों महीने पानी भरने की तो बात कही जा रही है, लेकिन रुके पानी का शुद्धिकरण नहीं हुआ तो यह और गंदा होता जाएगा।

कहा- पत्नी ने मारा, मचा हड़कंप

# खून से लथपथ बाइक चलाते थाने पहुंचा शराबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी थाने में उस समय हड़कंप मच गया जब व्यक्ति खून से लथपथ बाइक चलाते आया और टीआई कक्ष में जाकर कहा उसकी पत्नी ने बीयर के बाटल से हमला कर दिया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। कुछ देर बाद उसकी पत्नी थाने पहुंचकर बताई कि उसे झूठे केस में फंसाने स्वयं बीयर बाटल तोड़कर पेट में मार लिया है। पुलिस जांच में जुट गई है।

- मायके की संपत्ति का बंटवारा लेने बना रहा था दबाव

गुरूवार की शाम 5.30 बजे अपने मस्तूरी टीआई अपने कक्ष में बैठकर काम कर रहे थे। वहीं थाना परिसर में पुलिसकर्मी व ग्रामीण खड़े हुए थे। इसी दौरान एक व्यक्ति खून से लथपथ बाइक चलाते थाने पहुंचा और बाइक खड़ी का टीआई कक्ष में जाकर कहने लगा उसकी पत्नी ने बीयर बाटल तोड़कर जानलेवा हमला कर दिया है साहब... बचा लो। उसे खून से लथपथ देख थाने में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिसकर्मी उसे बैठाए और उसे इलाज के लिए सिम्स ले जाने गाड़ी की व्यवस्था करने लगे। इसी दौरान घायल की पत्नी मस्तूरी नेतानगर निवासी प्रतिभा पाटले रिश्तेदारों के साथ थाना आई। उसने बताई कि घायल व्यक्ति उनका पति अमरताल अकलतरा निवासी विपिन पाटले है और उसने उन्हें झूठे केस में फंसाने के लिए स्वयं बीयर बाटल तोड़कर अपने पेट में हमला कर लिया है। आनन फानन में पुलिस घायल व्यक्ति व रिश्तेदारों को गाड़ी बैठाकर बिलासपुर लेकर आए और इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।


घायल।

### पत्नी ने कहा मायके से संपत्ति बंटवारा मांगने की मारपीट

घायल व्यक्ति की पत्नी ने थाने में टीआई को बताया कि वह मायके मस्तूरी में रह रही है। उसके पिता हवलदार थे और रिटायर्ड हो गए है। गुरूवार को उनका पति विपिन अत्याधिक शराब पीकर उनके घर आया और उन्हें अपने माता पिता से संपत्ति का बटवारा मांगने को कहा। मना करने पर उनके साथ मारपीट की। उसके उन्हें झूठा केस में फंसाने की बात कहते हुए बीयर बाटल तोड़कर स्वयं अपने पेट में हमला कर थाने आ गया है।

### खुद हमला किया

एक व्यक्ति घायल अवस्था में थाने आकर पत्नी के द्वारा बीयर बाटल से हमला करना बताया। कुछ देर बाद उसकी पत्नी थाने आकर बताई। उन्होंने मायके से संपत्ति बंटवारा मांगने से मना की तो उन्हें झूठा केस में फंसाने स्वयं बीयर बाटल से हमला लिया है। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**-हरीशचंद्र टाण्डेकर**, मस्तूरी टीआई

# कोरबा से आए बाराती युवकों ने शराब दुकान में तोड़फोड़ कर मैनेजर का सिर फोड़ा, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोरबा से बारात आए युवकों ने जल्दी शराब नहीं देने के विवाद में शराब दुकान में घुसकर मैनेजर से मारपीट कर सिर फोड़ दिया। ग्रामीणों ने मारपीट कर रहे 3 युवकों को पकड़कर जमकर खातिरदारी के बाद पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने तीनों युवकों गिरफ्तार कर लिया है।

रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, 7 मई की रात ग्राम लखराम में कोरबा से बारात आई थी। रात 9.30 बजे कुछ बाराती शराब लेने के लिए लखराम शराब दुकान गए थे। जल्दी शराब देने की बात पर युवकों का मैनेजर संतोष कुमार केंवट से विवाद हो गया। मैनेजर बाहर निकलकर समझाइस दिया तो युवक शांत होकर चले गए। कुछ देकर बाद उक्त युवक अन्य साथियों के साथ शराब दुकान पहुंचे और गाली गलौज करते हुए लात मारकर दरवाजा खोलकर शराब दुकान के अंदर घुस गए। युवकों ने दबंगई दिखाते हुए मैनेजर से मारपीट कर जमकर तोड़फोड़ किया गया है।



शराब दुकान में तोड़फोड़ कर मैनेजर से मारपीट करते देख बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और गुण्डागर्दी करने वाले 3 युवकों को पकड़कर उनकी जमकर खातिरदारी की गई। उसके बाद डायल 112 को सूचना देकर पुलिस को सौंप दिया है।

पुलिस ने मैनेजर संतोष कुमार केंवट की रिपोर्ट पर हमलावर विकास चौहान पिता उदय चौहान 26 साल शांतिनगर बाल्को कोरबा, रोहित चौधरी पिता बारेलाल चौधरी 26 साल शांतिनगर बाल्को कोरबा, दीपक यादव पिता रामसेवक यादव 26 साल हाउसिंग बोर्ड कालोनी बाल्को कोरबा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

# पार्टी मनाने के बाद गाड़ीवालों को रोककर वसूली करने वाले 4 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देर रात पार्टी मनाने के बाद नशे में युवक राहगीर गाड़ीवालों को रोककर जबरिया पैसे की मांग कर उपद्रव मचाने लगे। डायल 112 के आने पर युवक भाग निकले, वहीं एक युवक पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर उसके 3 अन्य साथियों को पकड़ गया है। पुलिस ने चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

7 मई की रात 12.3 बजे सीपत क्षेत्र के ग्राम पोड़ी में युवक एकत्रित होकर पार्टी मनाते हुए शराबखोरी की। नशे में धूत होने के बाद युवक मुख्यमार्ग में उपद्रव मचाते हुए राहगीर गाड़ीवालों को रोककर जबरिया पैसे की मांग करने लगे। पैसा देने से मना करने पर गाड़ियों में तोड़फोड़ करने लगे। युवकों के उपद्रव से गाड़ीवालों में हड़कंप मच गया। एक कार वाले ने घटना की सूचना डायल 112 में दी। उसके बाद डायल 112 का आरक्षक मौके पर पहुंचा। पुलिस गाड़ी को देखकर उपद्रव मचाने वाले युवक भागने लगे।


आरक्षक व चालक ने दौड़ाकर एक युवक को पकड़कर सीपत पुलिस के हवाले कर दिया। सीपत पुलिस ने उक्त युवक के निशानदेही में उसने अन्य 3 साथियों को पकड़ लिया है। पकड़े गए युवकों में अनुराग यादव 21 साल पोड़ी, शुभम मानिकपुरी 21 पोड़ी, प्रियांशु साहू 22 साल पोड़ी, अभय साहू 22 साल उनी निवासी है। सीपट टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, सूचना देने वाले कार संचालक को रिपोर्ट लिखाने संपर्क किया। किन्तु वह रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं आया।

# सूरज की चमक ने बढ़ाया तापमान शाम होते ही बदला मिजाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चक्रवाती हवाओं के कमजोर पड़ने के बाद धीरे-धीरे तापमान बढ़ने लगा है, बुधवार की अपेक्षा गुरूवार को तापमान में 3 डिग्री का इजाफा हो चुका है। इस दौरान सूरज अपने शबाब में रहा और तीखी किरणों के चलते गर्मी और उमस का दौरा जारी रहा, लेकिन शाम होते-होते अचानक आसमान पर बादल छाने लगे और तेज हवा चलने लगी। जिसके बाद मौसम का मिजाज बदलने लगा। बताया जा रहा है कि इस दौरान तापमान 40 डिग्री के के करीब रहा।

गुरूवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा और तेज धूप निकली, सूरज की मौजूदगी की वजह से तापमान भी बढ़ने लगा, दोपहर 12 बजे के बाद सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया। इस दौरान लोग बहुत जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकले। वहीं इस दौरान सनबर्न का अंदेशा होने के कारण लोगों को गमछें, चश्में की जरूर पड़ी। खास बात यह है कि इस दौरान न्यूनतम तापमान भी बढ़ने लगा है, और पिछले 4 से 5 दिनों के बीच न्यूनतम तापमान भी 21 से बढ़कर 25 डिग्री पर पहुंच चुका है, ऐसे में रात के समय भी बिना कूलर और एसी के चैन नहीं मिल रहा है।



### राशन दुकानों में लगेंगी हाईटेक ई-पॉश मशीनें

**बिलासपुर।** पीडीएस अंतर्गत राशन दुकानों में जल्द ही 4-जी ई-पॉश मशीनें लगाई जाएंगी। नई मशीन तेज होगी, जिससे राशन लेने दुकानों पर पहुंचे कार्डधारियों अपनी बारी के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अब तक राशन दुकानों में पुराने और 2 जी आधारित ई-पॉश मशीनों से राशन वितरित किया जा रहा था। इसकी धीमी रफ्तार के कारण राशन वितरकों और उपभोक्ताओं दोनों को परेशानी उठानी पड़ती थी। प्रयोग के तौर पर शहर की कुछ दुकानों में नई मशीनें लगाई जा चुकीं हैं, वहीं शेष सभी दुकानों में इसी महीने में मशीनें लग जाने की उम्मीद है। वर्तमान में दुकानों में 2जी आधारित 1ई-पॉश मशीनों से राशन वितरित किया जा रहा है, लेकिन उसकी धीमी रफ्तार और तकनीकी खामियों के कारण संचालकों और उपभोक्ताओं दोनों को अधिक समय लगने के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रभारी फूड कंट्रोलर अनुराग भदौरिया ने बताया कि सरकार की नई गाईड लाईन के अनुसार राशन दुकानों में नई ई-पॉश मशीनें लगाई जानी हैं। इसके अंतर्गत कुछ राशन दुकानों में नई मशीनों से प्रयोग के तौर पर राशन वितरित किए भी जा रहे हैं। नान द्वारा जल्द ही सभी राशन दुकानों में नई मशीनें लगा दी जाएंगी।

# महिला ड्राइवर चलाएंगी जिला प्रशासन की गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला प्रशासन की गाड़ियों की स्टियरिंग जल्द ही महिला ड्राइवरों के हाथों में नज़र आएंगी। कलेक्टोरेट में होने वाली ड्रायवरों की भर्ती में तीन पद महिला ड्राईवरों के लिए भी आरक्षित हैं। बीते दिनों महिलाओं को कौशल परीक्षा के लिए बुलाया गया था, जिसमें उनसे सरकारी दफ्तरों में इस्तेमाल की जाने वाली गाड़ियों को चलवाकर ट्रायल लिया गया।

- कलेक्टोरेट में जल्द होगी महिला ड्राईवरों की भर्ती
- जिले में पहली बार होगा नया प्रयोग

शहर की विभिन्न सड़कों पर अब तक आपने महिलाओं को बैटरी रिक्शा चलाते देखा होगा, लेकिन बहुत जल्द महिलाओं के हाथों में जिला प्रशासन की गाड़ियों की स्टियरिंग भी आने वाली है। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टोरेट में ड्रायवरों के 11 पदों पर भर्ती की जा रही है, जिनमें आठ पद पुरूषों के लिए व तीन पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। बीते दिनों महिला ड्राईवर पद के अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा भी आयोजित की गई थी।

हालांकि कौशल परीक्षा में अपेक्षित उम्मीदवार उपस्थित नहीं हो सके थे, जिससे इसे अभी प्रक्रिया में रखा गया है। कलेक्टोरेट में महिला ड्राईवर की नियुक्ति हो जाने के बाद यह पहला विभाग होगा जहां वाहन चालक महिलाएं होंगी।

### कौशल परीक्षा इसलिए जरूरी

जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अनुसार वर्तमान परिस्थिति में ज्यादातर महिलाओं को चारपहिया वाहन चलाना आता है, लेकिन महिलाएं घरेलू व हल्की गाड़ियां चलाने की अभ्यस्त होती हैं। इसके विपरीत जिला प्रशासन द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली गाड़ियों में सुमो, बोलेरो व स्कार्पियो जैसी बड़ी गाड़ियां शामिल हैं। कभी-कभी इन वाहनों को आवश्यकतानुसार तेज भी चलाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में महिला ड्राइवरों की ईमानदारी से कौशल परीक्षा अति आवश्यक है।

### जल्द होगी नियुक्ति

महिला ड्राईवरों के तीन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। कौशल परीक्षा के पश्चात जल्द ही इनकी नियुक्ति की जाएगी।

**-आरए कुरूवंशी**, अतिरिक्त कलेक्टर

## खबर संक्षेप

### आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय ने दर्ज किए उत्कृष्ट परिणाम





**कटघोरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं और 12वीं के परिणामों में आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय, कटघोरा के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के कक्षा 12वीं का कुल परिणाम 94 प्रतिशत रहा, जिसमें वाणिज्य संकाय की छात्रा तनीषा दुहलानी ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वहीं कक्षा 10वीं का परिणाम 91 प्रतिशत रहा, जिसमें आस्था जायसवाल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरोज मिश्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा इस उपलब्धि के लिए शिक्षकों के समर्पण और परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है, जो विद्यालय के लिए गौरव की बात है। विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकगण एवं शिक्षक समुदाय इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।

### अंबिका खदान पुनः खोलने, सांसद प्रतिनिधि पोषक की महाप्रबंधक से हुई चर्चा



**कोरबा।** एस.ई.सी.एल. के अंतर्गत आने वाली अंबिका खुली खदान, पाली जो बीते दो महीनों से बंद पड़ी थी, उसे पुनः प्रारंभ कराने की दिशा में सकारात्मक पहल की गई है। क्षेत्रीय सांसद प्रतिनिधि पोषक ने इस संबंध में महाप्रबंधक कोरबा राजेश कुमार गुप्ता, राजस्व विभाग के नोडल अधिकारी ए.पी. सिंह, सब एरिया मैनेजर वी.पी. सिन्हा, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में सांसद प्रतिनिधि ने देशहित में खदान को पुनः संचालित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए खदान खोलने की दिशा में मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्याओं जैसे विस्थापन, पुनर्वास, मुआवजा, रोजगार, सड़क, पेयजल और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा करने की मांग की। साथ ही यह भी आश्वस्त किया कि वे क्षेत्रीय सांसद डॉ. ज्योत्सना चरणदास महंत के प्रतिनिधि के रूप में सदैव जनता के साथ खड़े रहेंगे और उनकी जायज़ मांगों को हर मंच पर उठाएंगे। उल्लेखनीय है कि कुसमुंडा क्षेत्र के पाली, पड़निया, जटराजखोड़री, सोनपुरी, भैंसमखार, रिस्दी, गेवरा क्षेत्र के बिझरी, कोसमंदा, बतारी, अवध नगर, भठोरा, भिलाईबाजार और दीपका क्षेत्र के चैनपुर, सुवाभोड़ी, झिंगटपुर, मालगांव, हरदी बाजार जैसे गांवों के लोग पिछले 40 वर्षों से पुनर्वास, मुआवजा और रोजगार जैसी मूलभूत मांगों से वंचित हैं। आज भी वे भटक रहे हैं— पर जाएं तो जाएं किसके पास? सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने इन मुद्दों को संसद में बार-बार उठाया है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर अब भी समाधान अधूरा है। अब आवश्यकता है कि जिला प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन गंभीरता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई करें। तभी इन खदानों से उत्पादन का निर्धारित लक्ष्य पूरा किया जा सकेगा और क्षेत्रीय विकास की गति तेज होगी।

### सीनियर क्लब में कराया जा रहा है योग ध्यान शिविर



**कोरबा।** सीनियर क्लब सीएसईबी कोरबा पूर्व में योग शिविर के संचालक योगाचार्य डॉ.डीके आनंद के द्वारा योगाभ्यास कराया जा रहा है। श्री आनंद ने कहा कि योग एक वैज्ञानिक पद्धति है। इस पद्धति को हजारों साल पूर्व ऋषि मुनियो ने मानव समाज के उत्थान एवं मानव समाज को आगे बढ़ाने के लिए महर्षि पतंजलि के द्वारा अष्टांग योग दिया गया। योग का अर्थ है जोड़ना अर्थात व्यक्ति अपने मन को शरीर व आत्मा से जोड़ने का कार्य करता है। साथ ही योग मनुष्य को एक-दूसरे के साथ आपस में अच्छा व्यवहार बनता है। साथ ही योग के मध्यम से मनुष्य पशु-पक्षी, जीव-जन्तु एवं प्राकृति के साथ अच्छा समन्वय बना कर समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करता है। योग हमारी सनातन धरोहर है योग ध्यान से मनुष्य अपने आप को स्वस्थ एवं आनंदित तथा शांतिमय जीवन जीने का एक मात्र रास्ता है। डॉ. डी.के. आनंद ने योग ध्यान शिविर में योग के विभिन्न आयामों को सिखाए जिसे करने से पीनियां ग्लैंड से मेलाटोनी हार्मोन का स्त्रव होता है जिससे गहरी नींद आती है याददाश शक्ति बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि भोजन के 4 घण्टे बाद, दूध पीने के 2 घण्टे बाद या बिल्कुल खाली पेट ही आसन करना चाहिए। शौच स्नानादि से निवृत्त होकर आसन किये जायें तो अच्छा है। श्वास मुँह से न लेकर नाक से ही लेना चाहिये। योग ध्यान शिविर का आयोजन 11 मई तक सुबह 5.30 बजे से 7.30 बजे तक संचालित होगा। इस शिविर में डॉ.डीके आनंद के द्वारा विभिन्न योग के आयाम को सिखाया जा रहा है।

## सुशासन तिहार अन्तर्गत कोरकोमा में समाधान शिविर

# प्राप्त 5304 आवेदनों में से 4938 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन द्वारा प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत हाईस्कूल भवन कोरकोमा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शासन द्वारा निर्धारित तीन चरणों की प्रक्रिया के अंतर्गत अंतिम चरण के रूप में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन तथा राज्य गीत अरपा पैरी के धार के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, श्रीमती सुष्मित कमलेश अनंत, जनपद सदस्य श्रीमती डोलेश्वरी राठिया, तेजराम राठिया सरपंच कोरकोमा, श्रीमती मंदाकनी कंवर सरपंच पण्डरीपानी, हरिश सिंह राठिया सरपंच रजगामार, इंद्रजीत राठिया सरपंच गोड़मा, देवराज सिंह सरपंच केरवां, श्रीमती भुनेश्वरी राठिया सरपंच केराकछार, श्रीमती प्रमिला सरपंच पतरापाली, उमेश्वर सोनी जनप्रतिनिधी कोरकोमा, शिविर नोडल अधिकारी सरोज कुमार महिलांगे, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोरबा, सहायक नोडल श्रीमती कौशाम्बी गबेल जनपद कोरबा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



सुशासन तिहार शिविर में शामिल हितग्राही।

श्रीमती कौशाम्बी गबेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा द्वारा सुशासन तिहार के सभी चरणों की जानकारी देते हुए कोरकोमा कलस्टर में प्राप्त आवेदन की निराकरण की जानकारी देते हुए जनपद पंचायत कोरबा में प्राप्त आवेदन का विवरण दिया गया । उनके द्वारा बताया गया कि कलस्टर में प्राप्त कुल 5304 आवेदन में 4938 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुष्मिता अनंत ने शिविर में ग्रामीणजनों की भागीदारी की सराहना की, वहीं श्रीमती रेणुका राठिया ने सभी विभागीय अधिकारियों से त्वरित निराकरण की प्रक्रिया को पारदर्शिता से पूर्ण करने का आह्वान किया। सभी विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं अपने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण कर हितग्राहियों को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राशनकार्ड 6, पेंशन 75, तथा 7 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम पंचायत नकटीखार, केराकछार एवं पतरापाली को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जो क्षेत्रीय स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# उद्योग मंत्री एक करोड़ 18 लाख के विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाणिज्य उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन 9 मई की शाम 4 बजे निगम के कोसाबाड़ी जोन के अंतर्गत 1 करोड़ 18 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगें। इनमें ओमफ्लैट के सामने डिंगापुर सामुदायिक भवन के पास कोसाबाड़ी जोन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 32 (पूर्व वार्ड) अंतर्गत मेन रोड़ से सामुदायिक भवन तक सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण लागत राशि 14 लाख रूपए, बैगीनडभार बस्ती में कलेक्ट्रेट एटीएम तक पेवर ब्लॉक बिछाने का निर्माण कार्य स्वीकृति राशि 36 लाख रूपए, डिंगापुर भगत समाज मुक्तिधाम में बॉड्री वाल निर्माण लागत 10 लाख रूपए, चंद्रभूषण घर से लल्लन वर्मा घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य 7 लाख रूपए, शासकीय उच्चतर माध्यमिक पीडब्ल्यूडी रामपुर कोरबा में साईकल स्टैंड का निर्माण स्वीकृत राशि 6.30 लाख रूपए का भूमिपूजन करेंगे। उद्योग मंत्री श्री देवांगन शाम 05 बजे कोरबा के गोकुल नगर हाउसिंग बोर्ड जगन्नाथ मंदिर के पास भूमिपूजन कार्य में शामिल होंगे। इनमें वार्ड क्रमांक 31 (पूर्व वार्ड) शांति विहार मोहल्ला में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य स्वीकृत राशि 12 लाख, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल दादरपुर में सायकल स्टैंड का निर्माण कार्य राशि 6.30 लाख, खरमोरा रूद्र नगर नचेनदास साहू के घर से बसंत खरे तक, चेतन श्रीवास घर से मनोज पटेल घर तक एवं देव जायसवाल घर से पाल सिंह कंवर घर तक पीव्हीसी पाईप लाईन बिछाने का कार्य स्वीकृत राशि 12.19 लाख रूपए, गोकुलनगर हाउसिंग बोर्ड जगन्नाथ मंदिर के पास शेड एवं आहर्ता निर्माण स्वीकृत राशि 5 लाख रूपए शामिल है। इसके पहले मंत्री श्री देवांगन दोपहर 3 बजे ट्रांसपोर्ट नगर जोन कार्यालय में सुशासन तिहार समाधान शिविर में सम्मिलित होंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर: भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, की आतिशबाजी



जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आतंकवाद के विरुद्ध भारत की निर्णायक सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मंगलवार को ट्रांसपोर्ट नगर चौक पर उत्साह, गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस आयोजन का नेतृत्व भाजपा के जिला संगठन ने किया। कार्यक्रम में भव्य आतिशबाज़ी, देशभक्ति गीत, मिठाई वितरण और वीर सैनिकों को नमन जैसे भावपूर्ण क्षणों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से हुई। इसके बाद आकाश रंगीन आतिशबाज़ियों से जगमगा उठा, जिसने माहौल को देशप्रेम और विजय के रंगों से भर दिया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य शक्ति, नेतृत्व की दृढ़ता और हमारे वीर सैनिकों के साहस का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद को जवाब देने की जिस नीति को अपनाया है, उसने हमें वैश्विक स्तर पर सशक्त किया है। यह उत्सव हमारे सैनिकों के सम्मान में एक विनम्र श्रद्धांजलि है। संगठन निर्माण, जनसंपर्क और राष्ट्रवादी अभियानों में उनकी भूमिका हमेशा प्रमुख रही है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश की आत्मरक्षा और संप्रभुता की प्रतीकात्मक विजय है। डॉ. सिंह ने भाजपा में अपने कार्यकाल के दौरान संगठनात्मक विस्तार, युवाओं की भागीदारी और सामाजिक संवाद को नई दिशा दी थी। कार्यकर्ताओं ने लोगों को मिठाईयां भी बांटी, देशभक्ति गीतों की प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा और अनुसूचित जाति मोर्चा की सक्रिय भागीदारी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रहे मौजूद।

### कुसमुंडा में भी भाजपाइयों ने मनाया जश्न

कुसमुंडा स्थित गेवरा बस्ती हनुमान मंदिर चौक पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मिठाईयां बांटी और पटाखे फोड़कर पाकिस्तान मुर्दाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। भाजपा नेता विकेश झा ने भारत की कार्यवाही की सराहना की और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमला कर दिया गया एक सख्त जवाब है। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आतंक के हर अपराधी पर कार्यवाही की जाए। गुरदीप सिंह ने कहा कि सेना को सरकार ने खुली छूट दी थी कि कैसे और कहां बदला लेना है यह तय करें। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने हमारे नागरिकों को धर्म पूछ कर मारा, हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा, ऑपरेशन सिंदूर उन्हीं का जवाब है। अब दुनिया जान गई है कि भारत चुप नहीं बैठेंगे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विकेश झा, सुनीता पाटले सुखदीप सिंह, राजेश पटेल, नागेंद्र सिंह, गुरदीप सिंह, रामेश्वर सोनी, संतोष राठौड़, पप्पू महाजन, हेमा शर्मा, शशि साहू, पार्षद राकेश पटेल, रावेंद्र पटेल, अभिलाष यादव, अभिषेक पटेल, जगजीवन अन्य सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### बाजार में आ गया काला मीठा जामुन



**हरदीबाजार।** गर्मी के मौसम में प्राकृतिक फलों की जहां लोगों को इंतजार रहता है, वहीं ग्रामीणों क्षेत्रों के जंगलों में मिलने वाले फल फूल जैसे चार, तेंदू,आम, जामुन की आवक आम बाजारों में आने शुरू हो गई है, जहां चार, तेंदू का सीजन समाप्त हो गया है,अब आम व जामुन की धमक होने लगी है ,इन सभी फलों की आवाक पहले जैसी नहीं रही, फिर भी जंगली क्षेत्रों से ग्रामीण आम, जामुन लेकर बस स्टैंड,चौक व आम बाजारों में काला जामुन बिकने आने लगी है, जामुन की कीमत सुन कर लेने वाले लोग भी दंग हैं,40 रुपये पाव व किलो में 120 रुपए बिक रहा है। जामुन स्वास्थ्य व आयुर्वेद की दृष्टि से बेहद की लाभदायक है जामुन व उसका फल बीज शुगर मरीजों के लिए बहुत ही अच्छा है । वहीं इसकी चाह रखने व खाने वाले तो लेंगे ही चाहे कितनी भी किमत हो ।

# श्रमिक के बच्चे ने किया टॉप, उद्योग मंत्री ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं की परीक्षा में टॉप करने वाले बालक नमन कुमार खुटिया की माता हरवती यादव छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में रेजा कुली मजदूर श्रेणी में पंजीकृत है। नमन के पिता अर्जुन से श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने फोन पर बधाई देते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। मंत्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी छात्र-छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत कुल 2 लाख की राशि नमन को दी जाएगी। इसमें 1 लाख रुपए आगे की पढ़ाई के लिए और 1 लाख रुपए स्कूटी के लिए दी जाएगी। श्री देवांगन ने कहा कि मेरिट में आने वाले पंजीकृत श्रमिक के सभी बच्चों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। पिछले वर्ष मेरिट में आने वाले श्रमिकों के बच्चों को इस योजना के तहत चेक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा दिया जाएगा।



लखनलाल।

# मेधावी विद्यार्थियों से मिले कलेक्टर, छात्रों को टेबलेट देकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 10वीं में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के मेधावी विद्यार्थियों से कलेक्टर अजीत वसंत मिले। कलेक्टर ने आस्था, डिंपल और निखिल को पुष्प गुच्छ और टेबलेट देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी टी पी उपाध्याय, सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर, विद्यार्थियों के अभिभावक, शिक्षक उपस्थित थे।

# गोरखाली समाज की सामाजिक बैठक में लिए गए अहम निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रांतीय गोरखाली समाज प्रदेश की प्रथम महासभा कार्यकारिणी नियुक्ति एवं सामाजिक बैठक रविवार को आयोजित किया गया। द्वितीय पखवाड़े में समाज के महासभा का आयोजन रूमगरा ब्लॉक के अंतर्गत पृथ्वी रिजॉर्ट्स में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती शकुन गुरुंग ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के लोगों को संगठित करना समाज के वित्तीय, आगामी सत्र में कार्यों की संरचना, सामाजिक उद्देश्य ,नवीन कार्यकारिणी, सामाजिक कार्य को आगे बढ़ाने के लिए नवीन पदों की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम में प्रांतीय गोरखाली समाज के संस्थापक सदस्य एवं संरक्षक असीम थापा, श्रीमति नीलू सुब्बा, श्रीमती शकुन गुरुंग, सचिव श्रीमती ललित सिंह, कोषाध्यक्ष उदय बहादुर सुब्बा, उपाध्यक्ष संपत यादव, वरिष्ठ सलाहकार एनआर शर्मा, श्याम नेवार सहित पदाधिकारी एवं समाज के लोगों उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सचिव श्रीमती ललिता सिंह ने नवीन पदों कि नियुक्ति पत्र के साथ घोषणा की। अध्यक्ष द्वारा सम्मान सहित नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। ,कार्यक्रम दौरान समस्त नवनियुक्त पदाधिकारी ने समाज में अग्रणी होकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करने के लिए अपने विचार व्यक्त किए। मृत्यु भोज समाज के लिए क्या एक बोझ है? इस पर गहन चिंतन एवं मनन किया गया जिसमें बहुत लोगों ने अपनी स्वीकृति प्रदान की,विषय पर और बैठकों में चर्चा सहमति भी ली जायेगी। शोकाकुल परिवार को सामाजिक रीत को आगे बढ़ाते हुए महिलाओं द्वारा भेंटी प्रदान कर अपनी संवेदना व्यक्त करना उक्त विषय पर समाज के उपस्थित समस्त लोगों ने बढ़ चढ़कर सहमति प्रदान की। समाज के लोग शोकाकुल परिवार तक नहीं पहुंच पाए तो 100 रूपये का आत्मीय सहयोग पहुंचा जाए। अंत्येष्टि श्रद्धांजलि सेवा प्रस्ताव रखा गया।

## बिजनेस साइट

### डिज्नीलैंड मेला नए रंग-रूप के साथ हुआ शुरू, लोगों में भारी उत्साह



**कोरबा।** कोरबा के बुधवारी बाजार मेला ग्राउंड में छत्तीसगढ़ी डिज्नीलैंड मेला नए रंग-रूप के साथ शुरू हो चुका है। मेले का मुख्य आकर्षण है विदेशी तर्ज पर तैयार फिश टनल है, जिसमें विभिन्न देशों की मछलियां तैरती नजर आएंगी और जलपरियां जल क्रीड़ा करती दिखेंगी। यह टनल समुद्र के अंदर होने का आभास कराती है और कोरबा में पहली बार लोगों को यह अनुभव मिल रहा है। इसके अलावा, भूत महल, आकाश झूला, तिरंगा लाइट, ब्रेक डांस, डिस्को झूला, हवाई झूला, ड्रैगन ट्रेन, मिकी माउस, डोरेमॉन, तारामची, टोरा-टोरा और वाटर बोट जैसे आकर्षण बच्चों और बड़ों को लुभा रहे हैं। मेला संचालक कुलदीप ताम्रकार ने बताया कि वे देश के चार राज्यों में छत्तीसगढ़ी डिज्नीलैंड मेला आयोजित करते हैं और छत्तीसगढ़ की संस्कृति व महत्व को लोगों तक पहुंचाते हैं। इस बार मेला पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता हुआ अनोखे अंदाज में सजा है। प्रवेश द्वार पर पौधों, मिट्टी, जल संरक्षण और प्रकृति प्रेम को दर्शाते पोस्टर लगाए गए हैं। मेले में 100 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां फूड जोन के साथ-साथ विभिन्न सामानों की बिक्री हो रही है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### तेंदूपत्ता तोड़ने...

बाद वन विभाग की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर अलर्ट जारी किया है। मामला कोरबा वनमंडल के करतला वन परिक्षेत्र का है। बताया जाता है कि ग्राम चोरभट्टी निवासी दीना बाई 37 वर्ष गुरुवार की सुबह तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गई हुई थी। इस दौरान उसका सामना एक जंगली सुअर हो गया। जहां जंगली सुअर ने दीना बाई पर जानलेवा हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह जंगली सुअर को खदेड़ा और गंभीर रूप से घायल दीना बाई को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया। दूसरी घटना भी करतला वन परिक्षेत्र के ग्राम चारमार में घटित हुई है। यहां निवासरत वचन सिंह 36 वर्ष सुबह तेंदूपत्ता तोड़ने गया हुआ था लगभग 11:30 बजे वह तेंदूपत्ता तोड़कर जंगल से अपने घर लौट रहा था कि इस दौरान जंगल में उसका सामना जंगली सुअर से हो गया और जंगली सुअर ने वचन सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया वह किसी तरह जान बचाकर अपने घर पहुंचा जहां उसे लहुलहून अवस्था में उपचार के लिए करतला से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। दोनों घटना की जानकारी सामने आने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी जहां दोनों घायलों को प्राथमिक सहायता की राशि उपलब्ध करा दी गई है।

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क. 202505050700005.
बी-121/2024-25
ग्राम डुडगा, प.ह.नं.09
तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा आम जनता मौजा डुडगा प.ह.नं. 09 रा.नि.म. कटघोरा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार तिवारी पिता/पति स्व. हरिप्रसाद तिवारी उम्र 60 वर्ष, जाति ब्राम्हण, निवासी डुडगा तहसील-कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा अपने माता स्व. फूल बाई पिता स्व. हरिप्रसाद तिवारी की मृत्यु दिनांक 30.01.2018 स्थान डुडगा, तहसील-कटघोरा स्थित स्वयं के घर में मृत्यु हो जाने का लेख करते हुए मृत्यु प्रमाण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय मे विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 23.05.2025 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान :- कटघोरा

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा**

### न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव कुमार अग्रवाल पिता स्व. लक्ष्मी नारायण जाति अग्रवाल साकिन गेवरा भैसमाखार तहसील दीपका जिला कोरबा के द्वारा ग्राम गेवरा प.ह.नं. 53 तहसील दीपका में आवेदक के नाम पर हक स्वामी भूमि ख.नं. 112/2क, 193/1, 214/1 कुल रकबा 0.2960 हे. भूमि स्थित है उक्त भूमि एसईसीएल कुसमुण्डा द्वारा अर्जन कर लिया गया है। अर्जन भूमि के एवंज में मुआवजा व अन्य सुविधाओं की प्राप्ति हेतु वंशवृक्ष बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 21/05/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 06.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार
दीपका
जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## कोरबा मार्केट












## खबर संक्षेप



### महापुराण कथा के लिए श्री महाकाल भक्त मंडल ने शुरू की तैयारी

**कोरबा।** खैरभवना मैदान (कनवेरी) में आगामी 12 जुलाई से शिव कथा वाचक प्रदीप मिश्रा की श्री शिव महापुराण कथा आयोजित की जा रही है। इस विशाल आयोजन की तैयारियों को लेकर श्री महाकाल भक्त मंडल के पदाधिकारी पूर्ण समर्पण भाव से कार्य में जुटे हुए हैं। भक्तों की संभावित भारी भीड़ और आयोजन की महत्ता को देखते हुए, कलेक्टर के निर्देश पर कटघोरा एसडीएम रोहित सिंह ने स्थल का निरीक्षण कर पार्किंग, आवास, निस्तार, मंच, सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने श्री महाकाल भक्त मंडल के साथ मिलकर विशिष्ट अतिथियों एवं अति विशिष्ट आगंतुकों के स्वागत-सत्कार और सुविधाओं की रूपरेखा पर गहन चर्चा की। श्री रोहित सिंह ने आयोजन को शासन-प्रशासन की प्राथमिकता बताते हुए इसे कोरबा का ऐतिहासिक और गरिमामय धार्मिक आयोजन करार दिया। उन्होंने कहा कि 7 दिनों तक चलने वाली यह कथा छत्तीसगढ़ ही नहीं, पड़ोसी राज्यों के हजारों शिवभक्तों को एक स्थान पर एकत्र करेगी, जो न केवल अध्यात्म बल्कि स्थानीय संस्कृति को भी समृद्ध करेगी। इस मौके पर श्री महाकाल भक्त मंडल के पदाधिकारी अध्यक्ष दुर्गेश शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अमृतलाल गुप्ता, सचिव राजेंद्र तारक, कोषाध्यक्ष शैलेश शुक्ला, मीडिया प्रभारी दुर्गेश राठौर तथा सक्रिय सदस्य सूरज सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर 15 से



**कोरबा।** वॉलीबॉल संघ के द्वारा एसईसीएल वॉलीबॉल ग्राउंड कोरबा में एसईसीएल कोरबा एरिया एवं सीडब्लूएस एरिया के सहयोग से ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 मई से 15 जून तक किया जा रहा है यह शिविर दो पाली में होगा सुबह 6 से 8 शाम 5 से 7 होगा। जिसमे कोच-सुमित सिंह, गौरव साहू, वैभव गर्ग होंगे। ज्ञात हो यह शिविर विगत कई वर्षों से लगाया जा रहा है जिसमे अधिकांश एसईसीएल क्षेत्र में रहने वाले बच्चे शामिल रहते हैं। यह शिविर सभी उम्र और कौशल स्तर के बच्चों के लिए खुला है।

### वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर में 8 हजार से अधिक का किया गया इलाज

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के नेतृत्व में माह मई में नगरपालिक निगम, पंचायत विभाग, समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग तथा आयुष विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय वयोवृद्ध देखभाल कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले के शहरी और ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध व्यक्तियों के वृद्धावस्था में होने वाली विभिन्न बिमारियों की स्क्रीनिंग हेतु शिविर लगाया जा रहा है। जांच में विभिन्न बिमारियों से ग्रस्त मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है एवं उन्हें दवाईयाँ दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में 5, 6 एवं 7 मई को हुए स्वास्थ्य शिविर में 8 हजार 39 वयोवृद्ध व्यक्तियों का स्क्रीनिंग किया गया है जिसमें 22 लोगों का आभा आईडी, 22 लोगों का आयुष्मान कार्ड एवं 65 लोगा वयवंदन कार्ड बनाया गया। एक हजार 867 लोग बीपी एवं 1146 लोग शुगर से पीड़ित पाये गए। इन शिविरों में 1225 लोगों में हीमोग्लोबिन 11 ग्राम से कम, 309 मोतियाबिंद के मरीज, 168 नाक की शिकायत रही।

## भिलाईखुर्द रेतघाट में रैंप बनाने का काम चल रहा है तेजी से

# शहर में एक तो आउटर में 18 रेतघाट उगल रहे रेत



भिलाईखुर्द स्थित रेत घाट जहां लगाया जा रहा है नाका।



भिलाईखुई स्थित नाला जहां तैयार किया गया रैंप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लंबे समय से शहर के भीतर नगर निगम क्षेत्र में रेत के घाट नहीं खुलने से शहरवासियों को रेत के लिए मोटी रकम चुकानी पड़ रही थी। आखिरकार खनिज विभाग ने नगर निगम क्षेत्र के भिलाईखुर्द में रेतघाट की स्वीकृति मिल गई है और वहां से रेत निकासी के लिए रैंप बनाने का काम चल रहा है। संभावना जताई जा रही है कि सोमवार से भिलाईखुर्द से रेत निकासी का काम शुरु हो जाएगा। शहर में जहां एक रेतघाट का संचालन शुरु होगा तो वहीं ग्रामीण अंचल व आउटर में 18 इस तरह कुल 19 रेतघाट रेत उगल रहे हैं।

**खास बात**

- ग्रामीण क्षेत्रों से सबसे ज्यादा रेत की हो रही निकासी

उल्लेखनीय है कि शहर के भीतर हसदेव नदी गुजरती है जहां पूर्व में हसदेव नदी के भीतर मोतीसागरपारा, गेवराघाट, चारपारा कोहड़िया रेत घाट संचालित होते थे जो शहर के प्रमुख रेतघाट थे लेकिन पिछले कुछ वर्षों से शहर के इन रेतघाटों को बंद कर दिया गया है। जिसकी वजह से शहर के इन रेत घाटों में तस्करों का बोलबाला था और शहर के विभिन्न निर्माण काम करने वाले लोगों को आउटर से ही रेत मंगानी पड़ती थी। लंबे समय से शहर व नगर निगम क्षेत्र में भिलाईखुर्द में रेतघाट खोलने के लिए खनिज विभाग को लगातार प्रयास में जुटा हुआ था। आखिरकार खनिज विभाग को इस घाट की स्वीकृति मिल गई और यहां पर्ची भी जारी कर दिया गया है। पिछले तीन दिनों से इस रेतघाट को चालू कराने के लिए रैंप बनाने का काम शुरु कर दिया गया है। खनिज विभाग की मानें तो सोमवार से रेतघाट का संचालन शुरु हो जाएगा और जिससे काफी हद तक शहरवासियों को रेत की समस्या से निजात मिल जाएगी। हालांकि शहर के भीतर कुछ और रेतघाट खुल जाए तो रेत के लिए लोगों को मोटी रकम नहीं चुकानी पड़ेगी। शहरी क्षेत्र में भिलाईखुर्द रेत खदान खुलने से शहर में लोगों को रॉयल्टी वाली रेत असानी से मुहैय्या हो रही है। वैध खदान से रेत पहुंचने से अवैध रेत परिवहन पर लगाम लगेगा। लोगों को आर्थिक रूप से राहत भी मिलेगी। हालांकि अब मानसून के दस्तक को लगभग 1 माह का समय रह गया है ऐसे में डिमांड ज्यादा और सप्लाई कम होने की संभावना है।

**मोतीसागरपारा और गेवराघाट में अभी भी तस्करों का बोलबाला**

शहर की सबसे करीब मोतीसागरपारा रेतघाट और गेवराघाट रेत घाट को भले ही खनिज विभाग ने बंद कर दिया है लेकिन इन दोनों रेतघाटों में रेत तस्करों का लंबे समय से भी बोलबाला है। दोनों स्थानों पर अलग-अलग रेत तस्करों का सिंडिकेट काम कर रहा है और जहां बड़े पैमाने पर रेत की तस्करी प्रतिदिन की जा रही है। जहां रोज बड़े-बड़े हाईवा व ट्रैक्टर के माध्यम से रोज लाखों की रेत चोरी कर शहर में सप्लाई की जा रही है। हालांकि खनिज विभाग द्वारा बीच-बीच में उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है लेकिन इसके बाद भी रेत तस्कर अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं। जब तक तस्करों के खिलाफ थाने में एफआईआर की कार्रवाई नहीं होगी तब तक रेत तस्कर ऐसे ही रेत की चोरी कर मालामाल होते रहेंगे।

**आउटर में इन रेतघाटों का हो रहा संचालन**

खनिज विभाग द्वारा मौजूदा स्थिति में कुल 19 रेतघाटों का संचालन किया जा रहा है जिसमें ज्यादातर हसदेव नदी से रेत उत्खनन किया जा रहा है जिसमें घमोटा, ढुल्लापुर, तरदा, भिलाईखुर्द, जोगीपाली, कुदुरमाल, भैंसामुड़ा, गितारीमोहरा, बगदरा, चिचोली, कछार, कठबितला, चुईया (चुईया नाला) धंवईपुर (अहिरन नदी), सिर्री-1, (बम्हनी नदी), कुदमुरा-1 (मांड नदी), बैरा (बम्हनी नदी), जिल्गा (मांड नदी) का संचालन किया जा रहा है।

# बांकीमोंगरा से बैद्यनाथ धाम रवाना हुआ आस्था का कारवां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ शासन की जनहितैषी योजना मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा दर्शन योजना के अंतर्गत आज बाँकी मोंगरा नगर पालिका परिषद द्वारा श्रद्धा, उत्साह और भावनाओं से ओतप्रोत वातावरण में 10 श्रद्धालुओं के दल को बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना किया गया।

आस्था की इस विशेष यात्रा का शुभारंभ तिलक-वंदन, पुष्पवर्षा एवं मंगल कामनाओं के साथ हुआ। श्रद्धालुओं की आँखों में भक्ति की चमक और दिल में बैद्यनाथ के दर्शन की अधीरता स्पष्ट झलक रही थी। यह क्षण नगर के लिए गौरवशाली और अध्यात्म से परिपूर्ण था। इस ऐतिहासिक आयोजन में भाजपा बांकीमोंगरा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीत केंवट, मंडल महामंत्री हनुमान प्रसाद पांडेय, पूर्व पार्षद सुधार साय चौहान, युवा मोर्चा मंत्री निखिल सिंगोतिया, संतोष शर्मा सहित नगर पालिका परिषद के सभी अधिकारी व कर्मचारी ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा दर्शन योजना विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों और भक्तों के लिए जीवन की ऐसी सुखद अनुभूति बन रही है, जो वर्षों तक स्मृति में बस जाए। इससे ना केवल धार्मिक आस्था पुष्ट हो रही है, बल्कि समाज में संस्कार, सेवा और संस्कृति का संदेश भी व्यापक रूप से फैल रहा है। बैद्यनाथ धाम, भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है और इसे मोक्षदायक तीर्थ माना गया है। शासन की यह पहल हर घर से शिव भक्त बैद्यनाथ पहुँचें के भाव को साकार करती नजर आ रही है। नगरवासियों ने इस आयोजन को सहज सेवा और सत्कर्म का संगम बताते हुए मुख्यमंत्री और शासन प्रशासन का आभार जताया। इस पहल ने तीर्थयात्रा को ना केवल संभव बनाया, बल्कि इसे एक सामाजिक एवं आध्यात्मिक महोत्सव का रूप दे दिया।



बाबा धाम जाने के लिए तैयार तिर्थ यात्री।

# शिक्षा विभाग में लंबे समय से अनुपस्थित 13 शिक्षक एवं कर्मचारियों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत, लंबे समय से बिना सूचना अनुपस्थित कर्मचारियों-अधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। जिला कोरबा में विभागीय जांच उपरांत कुल 7 कर्मचारियों को जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा सेवा से पदच्युत किया गया है। ये सभी विभिन्न विकासखंडों के स्कूलों एवं कार्यालयों में कार्यरत थे। इसके साथ ही कलेक्टर कोरबा की अनुशंसा अनुसार 6 प्रकरणों में कार्रवाई हेतु उच्च कार्यालयों को भेजा गया है। इनमें तीन प्रकरण संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर, दो लोक शिक्षण संचालनालय, नया रायपुर तथा एक जनपद पंचायत कोरबा को प्रेषित किए गए हैं। एक लापता शिक्षक और एक चिकित्सकीय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले कर्मचारी के संबंध में जांच लंबित है। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि अनुशासनहीनता को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए चेतावनी और व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने की दिशा में उठाया गया कदम है। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग (नियम शाखा) द्वारा 14 मई .2024 को जारी सर्कुलर के तहत लम्बे समय से अनुपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय जांच उपरांत अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में जिला कोरबा के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों/ कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर विभागीय जांच संस्थित की गई थी।

**खास बात**

- 7 कर्मचारी सेवा से पदच्यूत, 6 प्रकरण में कार्रवाई हेतु उच्च कार्यालयों को बेजा गया पत्र

**ये हैं कर्मचारी जिन पर हुई कार्रवाई**

कलेक्टर अजीत वसंत के अनुमोदन के पश्चात इन अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवा से पदच्युत किए गए शिक्षकों में श्रीमती अनिता साहू, सहायक शिक्षक एल.बी.प्रा.शा. बरमांठा, कटघोरा संतोष कुमार तंवर, सहायक शिक्षक एल.बी., प्रा.शा. कारीमाटी, पोड़ी उपरोड़ा श्रीमती श्वेता पोर्ते, सहायक शिक्षक एल.बी., प्रा.शा. छिरहुट, कटघोरा दिनकर सिंह चेताम, सहायक ग्रेड-3, सेजेस पोड़ी लाफा,पाली, अनंत सिंह पैकरा, सहायक ग्रेड-3, हाई स्कूल तानाखार, पोड़ी उपरोड़ा, संतोष कुमार यादव, भृत्य, शा.उ.मा.वि. बोतली, करतला, लक्ष्मीकांत राज, भृत्य, वि.खं. शिक्षा अधिकारी कार्यालय, पाली, राम बिलास सिंह, व्याख्याता (गणित), शा.उ.मा.वि. मोरगा, पोड़ी उपरोड़ा, श्यामलाल यादव, शिक्षक एल.बी., मा.शा. हरदेवा, पोड़ी उपरोड़ा एवं प्रभात कुमार पाल, उ.व.शि., मा.शा. सरईपाली, बोईदा,पाली का प्रकरण संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर को प्रेषित किया गया है। कु. पुष्पा नेताम, सहायक शिक्षक पंचायत,प्रा.शा. कोलिहामुड़ा,कोरबा का प्रकरण जनपद पंचायत कोरबा को अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है। श्रीमती निकत खान, व्याख्याता एल.बी., हाई स्कूल तिलाईडांड़, कोरबा लापता होने के कारण कार्यवाही लंबित रखी गई है। किताब सिंह तंवर, सहायक शिक्षक एल.बी., प्रा.शा. दूरीपारा, पोड़ी उपरोड़ा का प्रस्तुत चिकित्सकीय प्रमाण पत्र के आधार पर लंबित है।

# मारपीट के तीन अलग-अलग मामले में जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में मारपीट के तीन मामले सामने आए हैं जिसमें प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत दादरखुर्द नीचे मोहल्ला निवासी अरुण पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई है कि वह रोजी-मजदूरी का काम करता है। वर्ष 2024 में अरुण पटेल दिनेश जवडिया का एम्बुलेंस जो एसईसीएल मानिकपुर खदान में चलता था उसमें ड्रायवरी का काम करता था। अरुण को उक्त काम करने के एवज में वेतन 12 हजार रूपये मिलता था जिसमें से 4 हजार रूपये अरुण के पीएफ खाता में जाता था शेष 8 हजार रुपए रूपये उसके फोन पे में डालता था। अरुण लगभग 5 माह तक उसका एम्बुलेंस को चलाया है। जिसमें से लगभग 32 हजार रुपए मिल चुका है। बचत रकम को लेने जब अरुण दिनेश से मांग की तो 5 मई को दिनेश, आकाश पटेल एवं उनके 2 अन्य दोस्त अरुण के घर आये और दरवाजा को खोलवाये तब दरवाजा को अरुण की भाभी नम्रता पटेल खोली उसी समय उक्त चारो व्यक्ति घर के अंदर घुसे और अपने आपको पुलिस विभाग अधिकारी बताकर अरुण के संबंध में पूछने लगे और एक काला रंग के कार में जबरन बैठा दिये और एम्बुलेंस को आग लगाने का आरोप लगाते हुए गाली गलौच करते हुए मारपीट किए। अरुण की रिपोर्ट पर पुलिस ने दिनेश, आकाश पटेल एवं उनके 2 अन्य दोस्त के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इसी तरह कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोड़री निवासी किताब सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह एसईसीएल कुसमुण्डां खदान में डंफर आपरेटर के पद पर कार्य करता है। 7 मई की दोपहर लगभग 3 बजे जब वह अपने घर में सो रहा था तभी आदर्शनगर निवासी हितेश सारथी, मनीष, योगी सतनामी, परमेश्वर, संदीप साहू, नवीन एवं उसके अन्य साथी किताब सिंह के घर के अंदर घुस गये और गाली गलौच करते हुए हाथ में रखे लोहे का बैस बाल बैट, हॉकी डंडा, रॉड से ट्रैक्टर में तोड़फोड़ करने लगे और किताब सिंह के बेटे जैनेंद्र के बारे में पूछने लगे और किताब सिंह व उसकी पत्नी रमला बाई दोनों पर बेस बाल का बैट, हॉकी, रॉड से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे किताब सिंह व उसकी पत्नी को गंभीर चोटें आयी हैं। प्रार्थी किताब सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने उक्त सभी हितेश सारथी, मनीष, योगी सतनामी, परमेश्वर, संदीप साहू, नवीन एवं उसके अन्य आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इसी तरह कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामसागरपारा निवासी राहुल केशरी, उम्र 36 वर्ष, पिता स्व. निर्भय प्रसाद केशरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एमपी नगर अक्षय अस्पपताल के बगल मे राहुल का किराना दुकान है। 26 अप्रैल की रात 10 बजे राहुल अपनी दुकान बढ़ाने की तैयारी कर रहा था। उसी दौरान सद्दाम आलम, शाकिर आलम, अरमान आलम एवं अपने अन्य साथी के साथ आया तब राहुल के द्वारा उनसे दुकान का उधारी पैसा मांगा गया। तब उनके द्वारा राहुल के साथ गाली-गलौच करते हुये जाने से मारने की धमकी देते मारपीट किए और वहां से भाग गए। जिससे राहुल को गंभीर चोटें आयी हैं। पुलिस ने राहुल की रिपोर्ट पर सद्दाम आलम, शाकिर आलम, अरमान आलम एवं अपने अन्य साथी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

# एसईसीएल में एयर डिफेंस मॉक ड्रिल की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल द्वारा आयोजित किए गए एयर डिफेंस मॉकड्रिल के दौरान आपदा में खुद को सुरक्षित रखने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। केंद्र सरकार के निर्देशानुसार पूरे देश में विभिन्न जिलों में 7 मई को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसी क्रम में बिलासपुर जिला प्रशासन के प्राप्त निर्देशानुसार एसईसीएल मुख्यालय में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान एसईसीएल सुरक्षा टीम द्वारा एसईसीएल अधिकारी-कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बताया गया कि आपदा की स्थिति में किस तरह का व्यवहार करें और क्या उपाय करें जिससे कम से कम क्षति पहुंचे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## बिलासपुर शाखा के तत्वाधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# जिले में सीए छात्रों के लिए राज्य का पहला रीडिंग रूम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सीए संघ ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए प्रदेश के पहले सीए छात्रों के लिए समर्पित रीडिंग रूम का टीपी नगर में शुभारंभ किया गया। रीडिंग रूम की स्थापना बिलासपुर शाखा के तत्वावधान में की गई है। यह रीडिंग रूम विशेष रूप से चार्टर्ड अकाउंटेंसी कोर्स की तैयारी कर रहे छात्रों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। इस रीडिंग रूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीए अभय छाजड़, केंद्रीय परिषद सदस्य के कर कमलों द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि सीए दिनेश कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सीआरसी एवं बिलासपुर शाखा के चेयरमैन सीए मनीष शखूजा, सीए मंगलेश पांडे, सीए कमल बजाज भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा सीए जैसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण कोर्स की तैयारी के लिए शांत, अनुशासित और संसाधनयुक्त वातावरण अत्यंत आवश्यक है। यह रीडिंग रूम कोरबा के छात्रों को उत्कृष्ट सुविधा प्रदान करेगा और उनके सपनों को साकार करने में मदद करेगा। कोरबा सीए एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्षगण सीए राजेन्द्र अग्रवाल, सीए आशीष खेतान, सीए अखिलेश अग्रवाल, सीए मुकेश सिंघानिया, सीए गोपाल अग्रवाल, सीए नरेश अरोड़ा, सीए दीपक अग्रवाल एवं सीए अमित भोजसिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। इन सभी ने संस्था के विभिन्न चरणों में मार्गदर्शन प्रदान किया है। सीए एसोसिएशन कोरबा के अध्यक्ष सीए आशीष अग्रवाल, कन्वेनर सीए त्रिलोकीनाथ बजाज, डिप्टी कन्वेनर सीए सौरभ अग्रवाल, सचिव सीए पलाश रेलवानी ने इस अवसर को ऐतिहासिक और शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धि बताई। उन्होंने बताया रीडिंग रूम में शांत एवं अनुशासित वातावरण, अध्ययन सुविधा, हाई-स्पीड वाई-फाई, सीसीटीवी निगरानी एवं व्यक्तिगत स्टडी डेस्क जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस अवसर पर सीए अमर अग्रवाल, सीए अमित अग्रवाल, सीए श्रीनिवास राव, सीए राहुल अग्रवाल, सीए अभिषेक अग्रवाल (छुरी), सीए मोरध्वज गर्ग, सीए अंकित अग्रवाल, सीए अनंत केजरीवाल, सीए प्रखर बगड़िया, सीए शशांक अग्रवाल, सीए प्रह्लाद मोदी, सीए महिमा मोदी, सीए मृदुल बुधिया, सीए प्रतीक अग्रवाल, सीए ऋषभ अग्रवाल, सीए वरुण अग्रवाल, सीए आकाश अग्रवाल तथा अन्य चार्टर्ड अकाउंटेंट की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में सीए छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह रीडिंग रूम न केवल कोरबा, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के प्रोफेशनल स्टूडेंट्स के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगा।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं अन्य।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 17,000/-

8 रात व 9 दिन

EX हरिद्वार

चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री

18 मई , 04 जून , 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025

चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)

राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करेंः-7354-411411